# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा ✹ पिपरिया ✹ सोहागपुर ✹ मुलताई ✹ सारनी ✹ आमला ✹ टिमरनी ✹ खिरकिया

भोपाल 04 जून 2025


## न्यूज कार्नर

### कीर्तेश ने कराटे में जीता रजत पदक



**जागरण नर्मदापुरम।** नगर के युवा कराटे खिलाड़ी कीर्तेश चौकसे पिता गणेश प्रसाद चौकसे ने हाल ही में जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया है। कीर्तेश ने प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया, जो उनकी कड़ी मेहनत, गुरुजनों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग का प्रतिफल है। उनकी इस सफलता पर नगरवासियों, शिक्षकों, गुरुजनों तथा खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### आरपीएफ की सतर्कता से बची यात्री की जान



**जागरण सिवनी मालवा।** बानापुरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर डाउन पठानकोट 11057 पर खंडवा से बानापुरा के बीच यात्रा करने वाले रामकिशोर डोंगरे पिता शंकर लाल डोंगरे उम्र 50 साल मस्जिद मोहल्ला सिवनी मालवा फुट ओवर ब्रिज पर अटैक आने से बेसुध अवस्था में गिर पड़े जिसके कारण उनके मुंह से खून बहने लगा। इसकी सूचना जैसे ही बानापुरा स्टेशन पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ जगदीश प्रसाद कटारे को लगी उन्होंने तुरंत स्टेशन पर मौजूद शेख आशिक, दीपक गायकवाड और रेलवे कर्मचारियों की सहायता से 108 एम्बुलेंस पर कॉल किया। 108 और 100 नंबर उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीज को तुरंत ऑटो से अस्पताल ले जाया गया जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित चिकित्सक द्वारा उन्हें तुरंत उपचार दिया। उपचार के बाद यात्री की जान बच गई।

### विवेकानंद युवा मंडल करेगा सम्मान

**जागरण नर्मदापुरम।** विवेकानंद युवा मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रसन्न हरने ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अतिरिक्त शाला के प्रमुख संचालक का सम्मान भी किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 5 जून को हैप्पी मैरिज गार्डन नर्मदा पुरम में शाम 4 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम मुख्य अतिथि राजसभा सांसद माया नारोलिया, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, विधायक डॉ. सीता शरण शर्मा एवं प्रसिद्ध सर्जन वरिष्ठ समाज सेवी अतुल सेठा की उपस्थिति में संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम में एमपीबोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएससी के विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

### जंगल सफारी सुविधा के लिए सीएम ने 11 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सीएम ने पचमढ़ी में 33 करोड़ से अधिक के विकास के कार्यों का किया लोकार्पण

**जागरण पचमढ़ी।** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश विरासत भी और विकास भी की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले जननायक के अंचलों में कैबिनेट बैठकें और प्रमुख कार्यक्रम आयोजित कर विकास के संकल्प को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। गोंडवाना की रानी दुर्गावती, मालवा में महाराजा विक्रमादित्य, निमाड़ की रानी लोकमाता अहिल्याबाई और अब जननायक राजा भभूत सिंह द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों और स्वर्णिम पक्षों को समाज के समक्ष जीवंत किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव मंगलवार को पचमढ़ी में होटल अमलतास में आयोजित पर्यटन विकास निगम के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पचमढ़ी में 33 करोड़ से अधिक के पर्यटन विकास के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**राजा भभूत सिंह के नाम पर होगा उद्यान और महाविद्यालय :** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि पचमढ़ी उद्यान अब राजा भभूत सिंह उद्यान के नाम से जाना जाएगा। इसी प्रकार पचमढ़ी शासकीय महाविद्यालय का नाम भी राजा भभूत सिंह महाविद्यालय होगा। उन्होंने पचमढ़ी में जनजातीय संग्रहालय बनाने और कोरकू समाज के पवित्र स्थल पर प्रतीक्षालय और टीनशेड बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नर्मदापुरम में लॉजिस्टिक पार्क बनाने का निर्णय लिया गया हैं। ये पार्क क्षेत्र में विकास की नई सौगात लेकर आएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पचमढ़ी अपने अप्रतिम नैसर्गिक सौंदर्य के लिए पूरे देश में जाना जाता है। यह अंचल अपने प्राकृतिक सौंदर्य के साथ कई ऐतिहासिक तथ्यों को भी अपने में समाहित किए हुए हैं। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पचमढ़ी के विकास में आ रही बाधाओं को दूर कर इसे सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पचमढ़ी के विकास के द्वारा खोले हैं।



### जनजातीय संग्रहालय बनाने और कोरकू समाज के पवित्र स्थल पर प्रतीक्षालय की घोषणा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 12.49 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण किए गए पर्यटन विभाग के 5 कार्यों का लोकार्पण किया। जिनमें जटाशंकर एवं पांडव केव्स पर 19 लाख रुपये की लागत से निर्मित पिंक टॉयलेट लाउंज, जयस्तंभ क्षेत्र में 10 करोड़ रुपये की लागत से मार्गों के दोनों ओर विकसित पाथवे, धूपगढ़ में 60 लाख रुपये की लागत से जलगली से जलप्रदाय पाइपलाइन और पंप हाउस, पचमढ़ी प्रवेश द्वार का 35 लाख रुपये का सौंदर्यीकरण, तथा सतपुड़ा रिट्रीट में 1.35 करोड़ रुपये की लागत से किए गए किचन, रेस्टोरेंट नवीनीकरण और स्विमिंग पूल निर्माण शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 21.39 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इन कार्यों में हांडीखो में 1.98 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के विकास, सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व क्षेत्र में 2.13 करोड़ रुपये की लागत से बुनियादी सुविधाओं का विकास, पॉलीथिन मुक्त पचमढ़ी के लिए 34 लाख रुपये की लागत से आरओ जल प्रदाय प्लांट की स्थापना, हिलटॉप बंगले को 6.70 करोड़ रुपये की लागत से होम स्टे में बदलने का कार्य, योजना के अंतर्गत 9.90 करोड़ रुपये की लागत से कम्युनिटी सेंटर का विकास, तथा ग्लेन व्यू में 34 लाख रुपये की लागत से केंद्रीय नर्सरी की स्थापना शामिल हैं।

### जंगल सफारी के लिए ट्रेक्स क्रूजर वाहनों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पचमढ़ी में जंगल सफारी सुविधा के लिए 11 ट्रेक्स क्रूजर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुगम एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से प्रथम चरण में कुल 11 ट्रेक्स क्रूजर वाहन क्रय किए गए हैं। ये ट्रेक्स क्रूजर वाहन डीजल चालित हैं और इनमें दस लोगों की सीटों की व्यवस्था है, जो कि परंपरागत जिप्सी वाहनों की तुलना में तीन सीट अधिक है। यह सभी वाहन पर्यटन निगम की विभिन्न इकाइयों में उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे जंगल सफारी के अनुभव को और भी रोमांचक और आरामदायक बनाया जा सकेगा।



कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, सहित मंत्रीगण गोविंद सिंह राजपूत, धर्मेंद्र सिंह लोधी, दिलीप जायसवाल, नरेन्द्र शिवाजी पटेल, दिलीप अहिरवार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक विजयपाल सिंह, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, साडा अध्यक्ष कमल धूत, जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के पीएस शिव शेखर शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मूंग खरीदी पर नहीं हुआ निर्णय

किसानों को आशा थी कि मूंग खरीदी को लेकर सरकार निर्णय लेगी लेकिन केबिनेट निर्णय की जानकारी देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रतिउत्तर में बताया कि मूंग खरीदी को लेकर केबिनेट बैठक में कोई चर्चा नहीं हो पाई है।

### राजा भभूत के श्रद्धा स्थल पर किया नमन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमलतास होटल पहुंचकर यहां स्थित कोरकू/मवासी समाज के पवित्र श्रद्धा स्थल पर नमन किया। इस दौरान कोरकू जनजातीय समाज के सदस्यों ने पारंपरिक गाथा नृत्य प्रस्तुत कर और समाज की परंपरागत रीति से मुख्यमंत्री डॉ यादव का भव्य स्वागत किया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने मुख्यमंत्री को श्रद्धा स्थल की मान्यताओं और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा भभूत सिंह के वंशज मनीष भोपाजी से भी आत्मीय चर्चा की।

### सीएम ने आम महोत्सव का किया शुभारंभ



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज भवन परिसर में आयोजित आम महोत्सव में उन्होंने मणि प्रभा एवं बॉम्बे ग्रीन किस्म के आम चखकर महोत्सव का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में जम्बो केसर, सुंदरजा, कृष्ण भोग, लंगड़ा आम, गजरिया, मालदा आदि किस्मो की सराहना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं जगदीश देवड़ा के साथ-साथ लोनिवि मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह और मंत्री विश्वास सारंग, प्रहलाद पटेल ने भी आम का स्वाद चखा और आम की विभिन्न किस्मों की सराहना की।

### माताजी के नाम पर रौपा आम का पौधा

केबिनेट बैठक के उपरांत एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा भभूत सिंह उद्यान पहुंचकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अपनी माताजी के नाम पर आम का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भी अपनी-अपनी माताजी के नाम से आम के पौधों का रोपण कर अभियान में सहभागिता की।



# निर्माणाधीन स्वागत द्वार के सौंदर्यीकरण में रोड़ा बन रहा बिजली का पोल, बार-बार शिकायत के बाद नहीं हटा

### इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 18 लाख की लागत से किया जा रहा है निर्माण



**जागरण सोहागपुर।** स्थानीय रेस्ट हाउस के सामने निर्माणाधीन भव्य स्वागत द्वार का काम पूर्ण होने में बिजली का एक पोल रोड़ा बना हुआ है जिसके चलते काम कई दिनों से रुका पड़ा है। हालांकि जब जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय एवं विद्युत विभाग के कार्यालय की ओर जाने वाले मार्ग को कई दिनों तक बंद रखते हुए स्वागत द्वार निर्माण कार्य को गति दी जा रही थी तब ऐसा माना जा रहा था कि शीघ्र यह कार्य भी पूर्ण हो जाएगा लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि ग्राम नयागांव की ओर भी इसी प्रकार से एक स्वागत द्वारा का निर्माण होना है जिसके लिए विद्युत पोल हटाए जाने हैं। ठेकेदार के बार-बार बोलने के उपरांत भी नगर परिषद उक्त स्थान से विद्युत के पोल नहीं हटवा का रही है। रेस्ट हाउस के सामने एवं शिशु मंदिर वाली सड़क के मुहाने पर स्वागत द्वार निर्माण का काम आरके इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा लगभग 18 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। ठेकेदार राजेंद्र उमरे के मुताबिक पहले यहां एक विद्युत ट्रांसफार्मर रखा था जो बड़ी मुश्किल से हट पाया है लेकिन जिस स्थान पर खुदाई करके स्वागत द्वार के पिलर्स खड़े करने हैं वहां अभी भी विद्युत के पोल खड़े हुए हैं। जब नगर परिषद इन विद्युत पोल को हटवा देगी तब ग्राम नयागांव पहुंच मार्ग के मुहाने पर स्वागत द्वार का निर्माण कार्य शुरू होगा।

ठेकेदार के मुताबिक ऊपर से 11 केव्ही की लाइन भी गई है इसलिए सावधानीपूर्वक पूरे संयम के साथ यहां निर्माण कार्य को गति दी जावेगी। जब दोनों ओर स्वागत द्वार का कांक्रीट का काम पूरा हो जाएगा उसके बाद उसके ऊपर मेटल की परत चढ़ाई जाएगी फिर फिनिशिंग का कार्य पूर्ण होगा। ठेकेदार राजेंद्र के मुताबिक वह कई बार विद्युत पोल हटवाने शिकायत कुछ स्थानीय पार्षदों एवं नगर परिषद की निर्माण शाखा के कर्मचारियों से कर चुके हैं लेकिन अभी तक किसी ने भी गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत होने के पूर्व उपयंत्री राम गोपाल चौबे से भी उन्होंने कई बार उक्त स्थान से विद्युत पोल हटवाने के लिए कहा था लेकिन फिर भी वह काम नहीं हो सका।

कुल मिलाकर यूं कहें कि सौंदर्यीकरण के नाम पर चल रहे निर्माण कार्यों में आने वाली अड़चनों को दूर करने का काम भी नगर परिषद ठीक ढंग से नहीं कर पा रही है। जिसके पीछे का मुख्य कारण यहां स्थाई रूप से सीएमओ की नियुक्ति एवं उपयंत्री के सेवानिवृत होने के एक माह उपरांत भी किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ज्वाइन नहीं किया जाना रहा है। हालांकि सोमवार को बैतूल नगर पालिका से ट्रांसफर होकर आए बृजेश खानुरकर ने बतौर उपयंत्री सोहागपुर नगर परिषद में अपनी आमद दे दी है। उनके स्थानांतरण के आदेश विगत 22 मई को नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के उप सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला द्वारा जारी किए थे। जेडी सुरेश कुमार बेलिया के मुताबिक आगामी 10 तारीख तक यहां सीएमओ की स्थाई नियुक्ति भी हो जाएगी। सूची बन चुकी है बस उसे शासन स्तर से जारी किया जाना बाकी है।

### इनका कहना है ...

नगर परिषद द्वारा जिन पोलों को हटाने का आदेश दिया गया था। हमारे द्वारा सारे विद्युत पोल हटाए जा चुके हैं। सिर्फ एक सीमेंट का पोल बाकी है जिसे हम शीघ्र ही हटा देंगे।
**-नीरज रघुवंशी,** विद्युत ठेकेदार

# मंत्री विजयवर्गीय एवं सारंग पहुंचे आरएमएम इंडस्ट्रीज



**जागरण पिपरिया।** शहर की सबसे बड़ी राइस मिल आरएमएम इंडस्ट्रीज में मंगलवार को प्रदेश के नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग पहुंचे। उनका स्वागत उद्योगपति मनोहर दूदानी व महेश दूदानी ने किया।

मंत्रीद्वय ने राइस प्लांट में चावल बनाने की प्रक्रिया का जायज़ा लिया। इस दौरान फैक्ट्री के डायरेक्टर मयंक दूदानी, राहुल दूदानी, हिमांशु दूदानी, गौरव दूदानी ने मंत्रियों को बताया कि किस प्रकार किसानों से धान खरीदी जाती है फिर मिल में लाकर उसकी प्रोसेसिंग कर उसका उत्तम क्वालिटी कि चावल बनाया जाता है। महेश दूदानी ने बताया कि मंत्रियों ने चांबल पैकेजिंग प्रक्रिया को भी देखा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस दौरान कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगपतियों को हर संभव मदद कर रही है। वहीं विश्वास सारंग ने कहा कि सरकार सहकारिता से भी उद्योगपतियों को जोड़ कर सहकारिता को और आगे ले जाना चाहती है।

**जनसुनवाई** | सिवनी मालवा तहसील कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे लोग

# अवैध लकड़ी परिवहन सहित अन्य आवेदनों पर हुई सुनवाई

**जागरण सिवनी मालवा।** तहसील कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान ने आमजनों की शिकायतों को सुना और उनके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में कांग्रेस नेता दीदार सिंह सालूजा ने अवैध लकड़ी परिवहन को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि सिवनी मालवा में एक आरोपी को अवैध लकड़ी परिवहन करते हुए पकड़ा गया था। आरोपी के वन विभाग के अधिकारियों से करीबी संबंध होने के कारण जांच प्रभावित होने की आशंका जताई गई। सालूजा ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए अलग जांच दल गठित करने की मांग की। साथ ही एसडीओ और संबंधित बीट के वनकर्मियों को जांच से दूर रखने की मांग भी की।



शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि ग्राम लोखरतालाई की वन चौकी में आरोपी रोहित का आना-जाना लगा रहता है। वहां नियमित रूप से पार्टियां भी होती हैं। इसलिए वनकर्मियों की कॉल डिटेल की जांच की मांग की गई, जिससे अवैध लकड़ी परिवहन में शामिल कर्मचारियों की पहचान की जा सके।

जनसुनवाई में कुल 7 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग के 2, विद्युत विभाग का 1, जनपद विभाग का 1, वन विभाग के 2 और आबकारी विभाग का 1 आवेदन शामिल है। नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान ने सभी विभागों के अधिकारियों को समयसीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थी अब 8 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**जागरण नर्मदापुरम।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट की द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। विगत दिवस उक्त जानकारी देते हुए सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

# पत्नी को चाकू मारने पर पति को पांच साल की सजा

### मामले में तीन साल बाद आया पिपरिया कोर्ट का फैसला

**जागरण पिपरिया।** मंगलवार को न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल की कोर्ट ने पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले पति को दोषी करार दिया है। अपर लोक अभियोजक सुनील कुमार चौधरी के अनुसार आरोपी प्रकाश निवासी हथवास को धारा 307 के तहत दोषी पाते हुए कोर्ट ने उसे 5 साल की सजा सुनाई और 5 हजार जुर्माना लगाया है।

जानकारी अनुसार घटना 14 मार्च 2022 की शाम 5 बजे की है। जब पीड़िता कीर्ति अपनी बहन वर्षा के घर रेशम केंद्र उमरधा गई थी। वहां प्रकाश आया और कीर्ति को ससुराल ले जाने की बात को लेकर विवाद करने लगा। कीर्ति द्वारा जाने से मना करने पर विवाद काफी बढ़ गया। इसी दौरान प्रकाश ने अपनी जेब से चाकू निकालकर उसके गले पर वार कर दिया। पीड़िता ने थाना बनखेड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने मामले की जांच कर कोर्ट में चालान पेश किया। मामले में अभियोजन पक्ष ने 6 गवाहों की गवाही कराई थी। मंगलवार को हुई अंतिम सुनवाई में कोर्ट ने यह फैसला सुनाते हुए आरोपी पति को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक सुनील चौधरी ने पैरवी की।

## न्यूज कार्नर

### साइकिल यात्रा कर जमानी पहुंचे दुबे



**जागरण, इटारसी।** शहर से चौदह किलोमीटर दूर स्थित जमानी ग्राम साइकिल यात्रा कर शहर के युवा सौरव दुबे ने व्यंग्यकार स्व. हरिशंकर परसाई की जन्मस्थली के दर्शन किए। इस दौरान इटारसी शहर से जमानी पहुंच कर समाजसेवी हेमंत दुबे से मुलाकात की उन्होंने इटारसी निवासी सौरभ दुबे का मनोबल बढ़ाया। इसके साथ ही समाजसेवी दुबे द्वारा व्यंगकार स्व. परसाई की स्मृति में प्रतिवर्ष उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान साइकिल यात्रा के लिए इच्छुक सहयोगी व्यक्तियों के ग्रुप बनाए जाने की बात भी कही गई।

### एटीएम से नहीं निकल रहे रुपए

**जागरण, इटारसी।** शहर के पुरानी इटारसी क्षेत्र में संचालित होने वाले स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के एटीएम मशीन में सोमवार की शाम से नोट नहीं निकलने की वजह से ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जरूरतमंद लोगों को पुरानी इटारसी से इटारसी में आकर विभिन्न स्थानों पर संचालित होने वाली एटीएम मशीनों से रुपए निकालने का कार्य करना पड़ा। आए दिन देखने में आता है कि शहर के विभिन्न स्थानों में संचालित होने वाली एटीएम मशीनों में अचानक से नोट निकालने बंद होने से लोगों को ऐसी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### खाटू श्याम रसोई में कराया भोजन



**जागरण, इटारसी।** शहर में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय कैलाश सारंग की जयंती पर खाटू श्याम रसोई में भाजपा नेता सनी छाबड़ा के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों को भोजन का वितरण कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंदों ने भोजन ग्रहण किया।

### प्रतिभा सम्मान 10 को

**जागरण, इटारसी।** कौशलश्री विकास समिति नव अंकुर संस्था नर्मदापुरम द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयासों और सफलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह में कार्यक्रम का इटारसी शहर में आगामी 10 जून को दोपहर 2 बजे से प्लेटिनम रिजॉर्ट में आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले शैक्षणिक संस्था के कक्षा दसवीं और बारहवीं विद्यार्थी तथा संस्था के डायरेक्टर प्राचार्य और एक शिक्षक का विशेष रूप से सम्मान किया जाएगा।

---

**अमृत 2.0 योजना के तहत एक पेड मां के नाम अभियान, दो साल बाद मिलेगी 1500 की प्रोत्साहन राशि**

# पौधे लगाकर आय अर्जित कर सकेंगी महिलाएं, पौधरोपण का दिया प्रशिक्षण

**जागरण, इटारसी।** अमृत 2.0 योजना के तहत एक पेड मां के नाम अभियान में महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं पौधे लगाकर आय अर्जित कर सकेंगी। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि इस योजना में स्वसहायता समूहों को पौधे लगाने का काम देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। इसके अलावा, यह योजना पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने बताया कि स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को दो साल तक पौधों की देखरेख करना है और उन्हें स्वस्थ रखना है इसके बाद ही उन्हें पैसे मिलेंगे। एक पेड़ को लगाकर उनकी देखरेख करने पर दो साल बाद 1500 रुपये दिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। नपाध्यक्ष के मुताबिक योजना के तहत शहर में दो हजार पेड़ लगाने की प्लानिंग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि महिलाओं को आजीविका के नए अवसर प्रदान किए जाएं साथ ही पर्यावरण भी अच्छा हो।




### नपा में हुई कार्यशाला

नगरपालिका में वूमेन्स फॉर ट्री- एन अमृत मित्र इनीसिएटिव योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को वन विभाग के एसडीओ मानसिंह मरावी ने संबोधित किया। जिसमें शहर के विभिन्न स्वसहायता समूहों की महिलाएं शामिल हुईं। यहां एसडीओ मरावी ने योजना की जानकारी महिलाओं को दी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि महिलाओं को किस तरह से और कौन से पौधे कहां लगाए जा सकते हैं। कार्यशाला में नपाध्यक्ष पंकज चौरे, कार्यालय अधीक्षक राजेंद्र शर्मा, राजकुमार बाबरिया आदि मौजूद थे।

### 5 जून से होगा योजना का शुभारंभ

वन विभाग के एसडीओ मानसिंह मरावी ने बताया कि पूरे प्रदेश में 5 जून से योजना का शुभारंभ होगा। वन विभाग 5 लाख पौधे लगाएगा और अन्य सभी विभागों के साथ मिलकर लगभग 1 करोड़ पौधे पूरे प्रदेश में लगाए जाएंगे। नपाध्यक्ष चौरे ने बताया कि अभी शहर में अमृत 2.0 योजना के तहत दो पार्क व एक तालाब का सौंदर्यीकरण हो रहा है, यहां पर प्रथम चरण में पौधरोपण महिलाएं करेंगी।

---

# न्यास में नलों से आ रहा मटमैला व बदबूदार पानी



**जागरण, इटारसी।** गर्मी के दिनों में शहर के विभिन्न वार्ड क्षेत्र में जल संकट गहराया हुआ है, लेकिन न्यास कॉलोनी के दो वार्ड क्षेत्र में लगभग एक महीने से नगर पालिका के नलों से गंदे पानी आने की शिकायत मिल रही है। हालांकि नगर पालिका कार्यालय की जल शाखा के द्वारा न्यास कॉलोनी क्षेत्र में नई पाइप लाइन बिछाई जाने की बात कही जा रही है।

शहर के न्यास कॉलोनी क्षेत्र के दो वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में स्थित अनेक घरों में गर्मी के मौसम में लगभग एक माह से अधिक समय से गंदे पानी आने की शिकायत मिल रही है। बताया जा रहा है कि सुबह नपा के नलों में जल शाखा के द्वारा सिर्फ 5-10 मिनट जलप्रदाय किया जा रहा है। लेकिन नलों से रोजाना गंदा पानी आ रहा है। इतना ही नहीं उस पानी से बदबू आ रही है और पानी से फैन उठ रहा है। जिसका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है।

न्यास कॉलोनी क्षेत्रवासी इस समस्या से खासे परेशान हो चुके हैं। बावजूद इसके लंबे समय से रोजाना सुबह इसी प्रकार गंदा पानी नलों से आ रहा है। जिसकी शिकायत वार्ड पार्षदों से भी की जा चुकी है। लेकिन एक माह से अधिक का समय हो चुका है। न्यास कॉलोनी क्षेत्र वासियों की इस गंभीर होती समस्या का निराकरण अभी तक नहीं हो पाया है। न्यास कॉलोनी क्षेत्र में साईं बाबा मंदिर के पास रहने वाले नितेश दुबे ने बताया कि गर्मी के मौसम में वैसे भी जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है और लगभग एक माह से नपा के नलों से गंदा पानी आ रहा है, जिसका कुछ भी उपयोग नहीं हो पा रहा है। वहीं वार्ड पार्षद अमृता मनीष ठाकुर के प्रयास से जलसंकट की समस्या से निजात दिलाने के लिए टैंकर भेज कर जलापूर्ति कराई जा रही है।

---

# हॉकी के चयनकर्ता बनने पर गुरयानी से मिले डॉ. शर्मा



**जागरण, इटारसी।** नर्मदा अपना अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर राजेश शर्मा सोमवार को इटारसी पहुंचे। इस दौरान मध्य प्रदेश जूनियर वर्ग हॉकी के चयनकर्ता कन्हैया गुरयानी की दुकान पर पहुंचे। डॉ. शर्मा ने कहा कि खेल वास्तव में शारीरिक व मानसिक रूप से पूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त करने का सबसे आसान साधन है। डॉ. शर्मा ने मप्र जूनियर वर्ग हाकी के चयनकर्ता श्री गुरयानी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

# लॉजिस्टिक पार्क को मंजूरी युवाओं को मिलेगा रोजगार

**जागरण, इटारसी।** मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार की कैबिनेट की बैठक पचमढ़ी में आयोजित की जा रही है। इसमें बैठक में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास के लिए अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं।



इसी दौरान नर्मदा पुरम जिले के इटारसी में बहुप्रतीक्षित लॉजिस्टिक पार्क की मांग को पूरा किया गया और इस कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री श्री यादव के द्वारा घोषणा कर दी गई है और शासन द्वारा इस मांग पर मोहर लगा दी गई है। अब आगामी भविष्य में जल्दी ही शहर में लॉजिस्टिक पार्क बनाए जाने के लिए प्रयास होंगे, जिसके पूर्ण हो जाने से रोजगार के नए अवसर खुलेंगे तो वही क्षेत्र आर्थिक रूप से समृद्ध होगा। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

---

# जीनियस के निष्कर्ष ने सिल्वर और सामर्थ ने कराते में जीता क्रास मैडल



**जागरण, इटारसी।** जीनियस प्लानेट स्कूल के दो छात्रों ने जयपुर ओपन कराते में मैडल हासिल किया है। स्कूल संचालक जाफर सिद्दिकी ने जानकारी देते हुए बताया कि जीनियस प्लानेट स्कूल में अध्यनरत कक्षा 6वीं के निष्कर्ष रोकड़ ने सिल्वर मैडल द्वारा क्रास मैडल सामर्थ ठाकुर ने प्राप्त किया है। दोनों छात्र स्कूल की तरफ से जयपुर में नेशनल कराते ओपन प्रतियोगिता में भाग लेने गए थे। दोनों छात्रों की उपलब्धि पर जीनियस प्लानेट स्कूल संचालक एवं समस्त स्टाफ ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

# सांसद निधि से वार्ड 23 में नलकूप खनन का भूमिपूजन

**जागरण, इटारसी।** वार्ड क्रमांक 23 गांधीनगर की वाल्मीकि बस्ती में सांसद निधि से नलकूप खनन का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, सांसद प्रतिनिधि योगेंद्र राजपूत, सभापति गीता पटेल ने भूमिपूजन किया।

पार्षद राकेश जाधव ने बताया इस नलकूप से वार्ड में लगभग 120 परिवारों को पानी मिलेगा। इस बस्ती में नलकूप नहीं होने से गर्मी में पानी की समस्या होती थी, जिसे दूर करने के लिए सांसद दर्शन सिंह चौधरी को मोहल्ला विकास समिति द्वारा ज्ञापन दिया गया था, जिसे स्वीकारते हुए सांसद द्वारा 1:50 लाख की राशि स्वीकृत की थी जिसका आज भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर राहुल प्रधान, आशीष जायसवाल, कुलदीप रघुवंशी, अनूप तिवारी, नर्मदा चुटिले, अर्जुन चुटिले, शशांक चुटिले, हरिदास चांवरिया, संजू मैना, विक्की चुटिले, अमित भाट, हैप्पी शर्मा, नीलेश रिछारिया, रोहित वेस्कर, गिरीश प्रजापति, कमल प्रजापति, अंकुश कालोशिया, उमेश सिहोते, सुनील दुबे, राजीव लुटेरे, नारायण चौरसिया उपस्थित थे।

---

# शहर की सड़क को ही बना डाला कचरा घर



**जागरण, इटारसी।** शहर में नगर पालिका के द्वारा आए दिन नए-नए क्षेत्रों को सफाई शाखा की टीम के द्वारा लापरवाही पूर्ण कार्य करते हुए कचरा घर में तब्दील किया जा रहा है जिससे आसपास के क्षेत्र में वातावरण प्रदूषित हो रहा है वही अब आने वाले बारिश के दिनों में संक्रमित बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है।

शहर के नपा कार्यालय की स्वच्छता शाखा की सफाई कर्मचारियों की टीम के द्वारा सार्वजनिक स्थानों को ही रोजाना सफाई के बाद निकलने वाले कचरे को मुख्य मार्गों पर फेंका जा रहा है और उन्हें कचरा घर में तब्दील किया जा रहा है। ऐसा ही एक नजारा सरकारी अस्पताल परिसर के बाजू में सड़क पर देखा जा सकता है। जहां रोजाना नगर पालिका की सफाई शाखा की टीम के द्वारा आसपास के क्षेत्र से साफ सफाई के बाद निकले हुए कचरे को सड़क के किनारे फेंका जा रहा है जिससे आवारा मवेशियों का जमावड़ा भी लगा रहता है। आने वाले बरसात के मौसम में सार्वजनिक स्थानों पर फेक जाने वाले कचरे से अनेक संक्रमित बीमारियों के होने का खतरा मंडराने लगा है। नगर पालिका कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों को इस गंभीर होती समस्या की ओर ध्यान देना चाहिए ताकि सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता का वातावरण दिखाई दे सके।

---

# कुबेर पहल प्रशिक्षण के माध्यम से पीपीटी कॉलेज के विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास



**जागरण, इटारसी।** तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशन में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इटारसी में कुबेर पहल के अंतर्गत, एमएसएमई इंदौर के इंजीनियर प्रखर जोशी एवं टीम सदस्यों द्वारा संचालित शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम, लॉन्ग टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम, स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम, स्पॉन्सर्ड प्रोग्राम एवं प्रोफेशनल कोर्सेज फॉर इंडस्ट्रियल और एंटरप्रेन्योर के संबंध में अवगत कराया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य आरके चोलकर ने छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी एवं सभी छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक लाभ उठाने की प्रेरणा दी। प्राचार्य श्री चोलकर ने पहल के बारे में बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल निवेश और बुनियादी ढांचे के उपयोग को सुव्यवस्थित और अनुकूलित कर कौशल विकास परिणामों को बढ़ाना है। प्रखर जोशी ने बताया कि कंप्यूटर आधारित मशीनों द्वारा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में साफ्ट स्किल्स व टेक्निकल स्किल भी विकसित की जा सकती है। इस अवसर पर विद्यावती सूर्यवंशी, पल्लवी नरवरे, भूपेंद्र जोठे, विकास सिद्धू, लोकेंद्र सिंह बनाफर, आकाश गर्ग, आशीष चौरे, सोनिया सराठे, प्रवेश चौरे, हेमलता शुक्ला, शिवांगी मालवीय, नेहा केदारे एवं 60 से भी अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मिलेगी बेसिक कंप्यूटर हार्डवेयर की जानकारी

आईजीटीआर संस्था में एससी, एसटी के विद्यार्थियों के लिए बेसिक कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग के शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम अगले सप्ताह विद्यार्थियों के लिए पॉलिटेक्निक इटारसी में आयोजन करने के सहमत हुए। संस्था विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग एवं एक दिवसीय इंडस्ट्रियल विजिट के लिए भी संस्था के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया। इस प्रोग्राम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के तकनीकी विकास के लिए प्रेरित कर रोजगार उपलब्ध कराए जाना है।

### 12 जून को लगेगा रोजगार मेला

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन युवाओं के लिए सूरज का स्वरोजगार रोजगार और अप्रेंटिसशिप के लिए प्रदान करने के लिए अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी अनुक्रम में संस्था में जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा 12 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

---

**अभियान | पर्यावरण संरक्षण की नई मिसाल: रेलवे कॉलोनियों से लेकर स्टेशनों तक किया जा रहा पौधरोपण एवं नुक्कड़ नाटक**

# पर्यावरण सप्ताह में दिखाई एकजुटता, जागरूकता का दिया परिचय

**जागरण, इटारसी।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण के लिए सप्ताह भर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य रेल परिसर एवं कॉलोनियों में स्वच्छता, हरियाली और सतत विकास को प्रोत्साहित करना रहा।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर सबसे पहले भोपाल, इटारसी, बीना और गुना स्थित रेलवे कॉलोनियों में डोर टू डोर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को गीला-सूखा कचरा पृथक रखने, प्लास्टिक के उपयोग से बचाव, और सामूहिक स्वच्छता बनाए रखने संबंधी जानकारी दी गई। इसी क्रम में, सामुदायिक सहभागिता से सफाई अभियान का आयोजन भी उपरोक्त रेलवे कॉलोनियों में किया गया, जिसमें स्थानीय रहवासियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। भोपाल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए विविध गतिविधियां संचालित की गईं। प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों को स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त यात्रा और अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी देने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया गया। स्टेशनों पर स्वच्छ स्टेशन स्वस्थ यात्रा विषय पर स्लोगन पोस्टर लगाए गए तथा ऑडियो अनाउंसमेंट के माध्यम से यात्रियों को प्लास्टिक का उपयोग न करने और स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त, वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी नीतियों की जानकारी दी गई और मंडल के टिकट बुकिंग कार्यालयों में प्लास्टिक रहित कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग के माध्यम से कागज की बचत करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

### निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण के लिए सप्ताह भर विविध आयोजन किए गए जिसके तहत विद्युत लोको शेड, इटारसी में पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के तहत कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं। शेड के सेंट्रलाइज्ड स्टोर अनुभाग एवं समयपाल कार्यालय में अधीनस्थ कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी नीतियों और व्यवहारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, पंडित हरिशंकर परसाई पुस्तकालय के वाचनालय में निबंध प्रतियोगिता और पर्यावरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रेलकर्मी और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग सहित कई अभियान चलाए

बीटीसी इटारसी में कर्मचारियों को वेस्ट मैनेजमेंट और बायो टॉयलेट की कार्यप्रणाली तथा उसके लाभों के बारे में बताया गया। स्वच्छता के इन आधुनिक उपायों को समझाकर उन्हें दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई। विद्युत (सामान्य) विभाग द्वारा मंडल के विभिन्न डिपो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वाटर रीसाइक्लिंग इनिशिएटिव्स पर केंद्रित अभियान चलाया गया। इस दौरान कर्मचारियों, यात्रियों एवं कॉलोनीवासियों को जल संरक्षण की आवश्यकता और तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया।

आरपीएफ भोपाल द्वारा मंडल के विभिन्न रेलवे परिसरों एवं खाली पड़ी रेलवे भूमि पर 315 पौधों का वृक्षारोपण कर हरियाली को बढ़ावा दिया गया। वृक्षारोपण के साथ ही रेल सुरक्षा बल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

इन सभी गतिविधियों के साथ-साथ मण्डल के स्टेशनों, कार्यालय परिसरों, समपार फाटकों, ट्रैक किनारे एवं रेलवे कॉलोनियों में सघन वृक्षारोपण किया गया। साथ ही, स्टेशनों पर बैनर, पोस्टर और साइन बोर्ड्स के माध्यम से व्यापक रूप से पर्यावरण जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि भोपाल मंडल द्वारा चलाए गए इन अभियानों का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को पर्यावरण के प्रति सजग बनाना है, बल्कि रेलवे परिसर को अधिक स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना भी है। मंडल भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा।

---

# ग्राम चौपाल में जल संरक्षण करने ग्रामीण को दिलाई शपथ

**जागरण, इटारसी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था वसुंधरा समाज सेवा समिति बीसारोड़ा सेक्टर 3 नर्मदापुरम के आदर्श ग्राम बीसारोड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान सर्वप्रथम उपस्थित लोगों को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख द्वारा जल शपथ दिलाई गई। साथ ही जल संरक्षण एवं जल के महत्व को बताया गया। जल संरक्षण हेतु बोरी बंधान, खेत तालाब निर्माण, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, कूप में सोक पिट रिचार्ज निर्माण आदि के बारे में चर्चा की गई ओर जल संरक्षण कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। नरेंद्र देशमुख ने बताया कि 5 जून से एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पेड़ लगाने ओर उसकी रक्षा करने का वचन ले ओर अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करे। बीसारोड़ा सेक्टर प्रभारी नरेंद्र




पटेल ने सेक्टर के अंतर्गत आने वाली समितियां ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति साकेत, भीलाखेड़ी, बाईखेड़ी उंद्राखेड़ी, डोलरिया प्रस्फुटन समिति के द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी चौपाल में दी। इस दौरान मेंटर नीरज चतुर्वेदी राजेश मालवीय सोनिका कनौजिया विवेक मालवीय दौलत यादव व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## न्यूज कार्नर

### युवक से मारपीट कर 20 हजार दूसरे खाते मे डलवाए

**मुलताई।** नेशनल हाईवे नागपुर रोड पर खम्बारा टोल के पास मंगलवार सुबह 4 बजे एक युवक के साथ दो लोगो द्वारा लट्ठ से मारपीट कर 20हजार रुपए फोन पे से दूसरे के खाते मे ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है। बताया जाता है ग्राम चिल्हाटी निवासी गुल्म मोहबे मल्हार पंखा के पास स्थित आयशर पेट्रोल पंप के सामने से गुजर रहे था। मंगलवार सुबह करीब 4बजे 2 लोगो ने उसे रोका और गुल्म पर लाठी से हमला कर उससे फोन पे से 20 हजार रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर करवा लिए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।वहीं घायल गुल्म को प्रभात पट्टन के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जिसके सिर में गंभीर चोटों के कारण 10 टांके लगे हैं। पीड़ित ने बताया कि वह रिश्तेदार के यहां शादी समारोह से लौट रहे था,दो ज्ञात लोगो ने उसे घेरा और मारपीट की और पैसे मांगे जब देखा कि उसके पास नगद नहीं है, तो फोन पे से पैसे ट्रांसफर करवाए।पुलिस द्वारा मामले मे जांच की जा रही है।

### अमानक प्लास्टिक की जांच



**मुलताई।** नगर मे मंगलवार को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड छिंदवाड़ा एवं नगरपालिका की टीम द्वारा अमानक प्लास्टिक के खिलाफ जांच कर आमंक प्लास्टिक से बने डिस्पोजल जप्त किए है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रसायन शास्त्री संजय राजपूत, सहायक यंत्री अरविंद तिवारी और नपा के उपयंत्री योगेश अनेराव सहित टीम द्वारा फव्वारा चौक पर दूकानों से 5 हजार से अधिक प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास, कटोरियां और पत्तलें जब्त कर दुकानदारों को अमानक प्लास्टिक से बनी सामग्री नहीं बेचने की सलाह दी एवं भविष्य में प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर अर्थदंड कर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# एक रात में ही सड़क किनारे और घर के सामने खड़े 18 वाहनों के कांच फोड़े

## विनोबा नगर की घटना, जांच में जुटी पुलिस





**बैतूल जागरण।**

विनोबा नगर में सोमवार रात एक मानसिक विक्षिप्त युवक ने 18 वाहनों के कांच फोड़ दिए। सुबह जब लोग उठे तो उन्हें अपने घरों के सामने खड़े वाहनों के विंड स्क्रीन टूटे मिले। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक को वाहनों के कांच फोड़ते हुए देखा गया है।

इलाके में रहने वाले स्कूल प्राचार्य श्याम साहू ने बताया कि युवक ने रात ढाई बजे से साढ़े तीन बजे के बीच यह वारदात की। उनकी कार के कांच भी फोड़े गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, गोविंद नाम का यह व्यक्ति आने-जाने वाली महिलाओं को भी थप्पड़ मार चुका है। वह अक्सर छोटे बच्चों को पकड़कर कहीं बंद कर देता है। युवक ने 18 वाहनों के कांच फोड़ दिए। मामले में बैतूल गंज थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसे पकड़कर सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश कर मनोरोग अस्पताल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इस बात को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। ज्ञात हो कि इसके पहले भी वाहनों के कांच फोड़ने की घटना सामने आ चुकी है। लोगों का कहना है कि रात के समय विनोबा वार्ड में असामाजिक तत्वों का डेरा चौक चोराहों पर लगा रहता है। कई बार देखने में आता है चौक चौराहों पर खड़ा युवकों का झुंड शराब पीकर बोतल तक फोड़ देते हैं। वार्ड के लोगों ने पुलिस से रात के समय गश्त कर ऐसे युवाओं पर कार्रवाई की मांग की है।

# आमला के उपयंत्री का अतिरिक्त प्रभार नहीं किया समाप्त

**मुलताई जागरण।** नगरपालिका मुलताई मे भर्रा शाही का आलम व्याप्त है। जैसा मनमर्जी चाहे वैसा नगरपालिका मे चल रहा है। नियम कायदे की बात का कोई मतलब नहीं रह जाता, जैसा चल रहा है वैसा चलने दो की तर्ज पर नगरपालिका का कार्य संचालित हो रहा है। अधिकारी,कर्मचारी जनप्रतिनिधियों को भी वैसा ही समझा देते है,जैसा उन्हें करना है और ऐसा ही कुछ नगरपालिका मे पदस्थ उपयंत्री के मामले मे हो रहा है, इस संबंध मे नगर के सपा नेता अनिल सोनी द्वारा जन सुनवाई मे कलेक्टर को भी शिकायत की थी। लेकिन इसका कुछ प्रभाव नहीं पड़ा। गौरतलब है नगरपालिका मुलताई मे पहले सिविल इंजीनियर नहीं होने के कारण सिविल के कार्य प्रभावित हो रहे थे, जिसके




कारण आमला नगरपालिका के सिविल उपयंत्री सुभाष शर्मा को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। इस दौरान इलेक्ट्रीकल्स सब इंजीनियर योगेश अनेराव को सिविल वर्क दे दिया गया था। जिसके बाद से दोनों उपयंत्री निर्माण कार्य देख रहे है। मुलताई नगरपालिका मे सिविल उपयंत्री महेश त्रिवेदी ने मार्च माह मे अपनी आमद दी।मुलताई नगरपालिका मे सिविल उपयंत्री के आने के बाद नियमानुसार आमला के उपयंत्री सुभाष शर्मा का अतिरिक्त प्रभार ख़त्म हो जाना था और उन्हें आमला नगरपालिका ही संभालना था, लेकिन नियमानुसार सीएमओ ने उनका अतिरिक्त प्रभार अभी तक समाप्त नहीं किया, ऐसे मे उपयंत्री सुभाष शर्मा ने अपना अतिरिक्त प्रभार समाप्त नहीं समझा,ज़ब दोनों हाथ मे लड्डू हो तो कोई क्यों छोड़ेगा।वैसे भी उपयंत्री सुभाष शर्मा को आमला से ज़ब मुलताई आना हो तो आते है और अपना खेल काम कर वापस चले जाते है, उन्हें अवकाश लेने कई भी कोई आवश्यकता नहीं आमला से मुलताई जाने का कहकर गायब हो जाते है,या आमला मे होने का कहकर मुलताई नहीं आते। जबकि उपयंत्री सुभाष शर्मा के पास मुलताई मे नगरपालिका के निर्माणाधीन भवन एवं अमृत 02योजना के कार्य है, जो भगवान भरोसे चल रहे है। जबकि उनका मुलताई का अतिरिक्त प्रभार ख़त्म होना चाहिए।वहीं सपा नेता अनिल सोनी द्वारा जनसुनवाई मे कई गई शिकायत मे बताया की विद्युत उपयंत्री योगेश अनेराव के पास भी सिविल कार्य दे रखा है, उनके पास वर्तमान मे निर्माणाधीन अमृत 02 योजना के कार्य,सम्पवेल निर्माण एवं पाइप लाइन का कार्य है, जबकि उनके पास विद्युत के कार्य होने चाहिए। वहीं सिविल उपयंत्री महेश त्रिवेदी के पदस्थ होने से उपयंत्री सुभाष शर्मा का मुलताई का प्रभार समाप्त होना चाहिए था,लेकिन नपा मे भर्रा शाही का आलम है, सब मनमर्जी से चल रहा है, क्या कायदे, क्या नियम सब मलाई के आगे बेमानी है।

# मकान बनवाकर मजदूरी हड़पी दो साल से नहीं मिला मेहनताना

**बैतूल/जागरण।** चक्कर रोड पेट्रोल पंप के सामने स्थित एक मकान के निर्माण में काम करने वाले राजमिस्त्री को 2 साल बाद भी अब तक मेहनताना नहीं मिला है। पीड़ित राजमिस्त्री दीपक साहू ने जनसुनवाई में इसकी शिकायत की है और न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत में दीपक साहू ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करते हैं और छोटे-छोटे निर्माण कार्यों के ठेके लेकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। करीब दो साल पहले उन्होंने संजय सूर्यवंशी के मकान का निर्माण कार्य किया था। निर्माण कार्य के दौरान मकान मालिक संजय ने मजदूरों की पेमेंट धीरे-धीरे करते हुए दीपक को यह कहकर टालता रहा कि जब पूरा काम हो जाएगा, तब पूरा पैसा दे देंगे।

दीपक ने भरोसे में आकर काम पूर्ण करवा दिया। लेकिन काम समाप्त होने के बाद जब उसने भुगतान की बात की तो संजय ने कह दिया कि वह कोई हिसाब नहीं करेगा और यह भी कह दिया कि तुम्हारा कोई पैसा नहीं बनता। दीपक के अनुसार, जब वह बार-बार पैसे की मांग करता रहा, तो संजय ने उसे डराना-धमकाना शुरू कर दिया और कहा कि वह झूठे केस में फंसा देगा। पीड़ित ने जनसुनवाई में बताया कि वह पिछले 20 महीनों से पैर फैक्चर होने के कारण काम नहीं कर पा रहा है और आर्थिक व शारीरिक संकट से जूझ रहा है।

# ग्रामीणों का आरोप : नागाझिरी नदी में मुरम डालकर बहाव रोका

**बैतूल।** भैसदेही तहसील के बोथिया गांव में एक शिक्षक द्वारा ग्राम की सड़क को अवैध रूप से खोदकर बंद कर दिए जाने और मिट्टी-मुरम डालकर नदी तथा कुओं को पाट देने का गंभीर मामला सामने आया है। इससे आवेदक किसानों को खेतों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है, वहीं जलप्रवाह बाधित होने से उनकी फसलें भी बर्बाद हो रही हैं। आवेदकों ने जनसुनवाई में भैंसदेही अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता किसानों ने शिक्षक बाबूलाल आठोले के खिलाफ दबंगई के आरोप लगाए।



शिकायत आवेदन के अनुसार ग्राम बोथिया के रहवासी कलमी आठोले, सायुबु आठोले सहित समस्त ग्रामवासी कृषकों ने अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन देकर शिकायत की है कि गांव के ही पेशे से शिक्षक बाबूलाल आठोले, रामरती आठोले, कमलेश आठोले और पवन आठोले ने गांव की सार्वजनिक सड़क को खोद डाला है।

शिकायत में बताया गया कि अनावेदकों ने बोथिया स्थित खसरा नंबर 35/1 में भूमि खरीदी है, जो ग्रामीण सड़क से लगी हुई है। इन लोगों ने खुदाई कर सड़क को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया और मिट्टी-मुरम को नागाझिरी नदी और आवेदकों के कुओं में डाल दिया। इससे नदी का प्राकृतिक प्रवाह रुक गया और पानी पड़ोसी किसानों की जमीन में भरने लगा, जिससे खेतों की मिट्टी बह गई, उर्वरक क्षमता नष्ट हो गई और खेतों में जलजमाव होने लगा। इससे खेती करना मुश्किल हो गया है और किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

इसके अलावा, नदी का पानी आगे जाकर पशु डेम तक पहुंचता था, जहां से मवेशियों को पानी मिलता था, लेकिन अब वह पानी नहीं पहुंच पा रहा है। बताया गया कि अनावेदकों ने पशु डेम में भी मुरम डालकर समतल कर दिया है। सबसे गंभीर बात यह है कि आवेदकगण के कुएं को भी आधा भर दिया गया है, जिससे उन्हें कुआं फिर से साफ करवाने में भारी खर्च उठाना पड़ेगा। आवेदकों ने यह भी आरोप लगाया है कि जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो अनावेदकों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आवेदकों ने एसडीएम से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कराई जाए, मौके की स्थिति दुरुस्त की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त दांडिक कार्रवाई की जाए। किसानों का कहना है कि शिक्षक ही ऐसा करेंगे तो किस पर विश्वास किया जाए, जिनसे समाज को दिशा देने की अपेक्षा होती है, वही दबंगई पर उतर आएं।

## उर्वरक डीएपी के भण्डारण की सूचना मिलने पर टीम ने की कार्रवाई

# डीएपी की 500 बोरी जब्त कर गोदाम सील, मालिक फरार

**जागरण, शिवपुरी।** शिवपुरी के ठर्रा गांव में मंगलवार को कृषि विभाग ने एक गोदाम से करीब 500 बोरी डीएपी खाद बरामद की। खाद अवैध रूप से संग्रहित थी। विभाग ने गोदाम को सील कर जांच शुरू कर दी है।कृषि विभाग के एसडीओ एसएस जाटव ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलने पर टीम ने तत्काल मौके पर छापा मारा। गोदाम मालिक अरुण वर्मा को बुलाया गया, लेकिन उन्होंने फोन बंद कर लिया और संपर्क से बाहर हो गए।

खाद की कालाबाजारी ना हो और पूरी पारदर्शिता से किसानों को खाद का वितरण किया जाए। इसके लिए कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। राजस्व और कृषि विभाग की टीम की निगरानी में किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी के निर्देशन में कृषकों को खरीफ फसलो की बोनी के लिए उर्वरको के उचित भण्डारण एवं वितरण की व्यवस्था की गई है। लेकिन ग्राम ठर्रा नवीन तहसील के पास निर्मित गोदाम में उर्वरक डी.ए.पी. के भण्डारण की सूचना





प्राप्त होने पर उप संचालक कृषि यू.एस. तोमर द्वारा गठित दल ने कार्यवाही की है। कार्यवाही के दौरान गोदाम में डी.ए.पी. खाद की बोरी खिडकियों से दिखाई देने पर गोदाम मालिक अरुण कुमार वर्मा उर्फ बबलू को फोन लगाकर गोदाम खोलने के लिए कहा गया था। लेकिन गोदाम मालिक चाबी लाने की कहकर चला गया एवं वापिस नहीं आया और मोबाइल भी बंद कर लिया। टीम द्वारा काफी देर इन्तजार करने के बाद जाँच दल द्वारा गोदाम को सील कर सम्बधित को नोटिस जारी किया गया है एवं आगामी कार्यवाही उर्वरक गुण नियंत्रण अधिनियम के तहत की जा रही है। कार्यवाही के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, पटवारी, सचिव ग्राम पंचायत संरपच एवं अन्य ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।

# अनुशासन एवं मेहनत से जीवन के हर पड़ाव पर सफल हो सकते हैं: एसपी

## पिछोर में हुआ सृजन कार्यक्रम का समापन

**जागरण, शिवपुरी।** पिछोर के छत्रसाल कॉलेज में सामुदायिक पुलिसिंग एवं बेटियों के सशक्तिकरण के लिए ग्राम गजोरा में पिछले 18 दिनों से कदम जन विकास संस्था द्वारा सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा था जिसका समापन आज छत्रसाल कॉलेज पिछोर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने अपने उद्बोधन में लगातार बच्चों से चर्चा की और उन्हें जीवन में सफल होने के मंत्र सिखाएं एवं सभी बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और मेहनत से जीवन के हर पड़ाव पर हम सफल हो सकते हैं।




कार्यक्रम में 18 दिवसीय जो भी गतिविधि हुई उनके बारे में एवं संस्था के उद्देश्य के बारे में संस्था की सचिव श्रीमती श्वेतागिनी श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा संस्था के माध्यम से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। बच्चों ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। मंच संचालन श्रीमती अनुपम साहू द्वारा किया गया एवं बच्चों की प्रतिभा प्रदर्शन का संचालन भानु द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पिछोर के एसडीओपी प्रशांत शर्मा, थाना प्रभारी जितेंद्र मावई उपस्थित रहे। एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था को धन्यवाद दिया।

### डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद, एक घायल

**जागरण, शिवपुरी।** शिवपुरी के लालपुर गांव में सोमवार देर रात डीजे बंद कराने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। इस दौरान फायरिंग का भी आरोप लगाया गया है। झगड़े में एक व्यक्ति घायल हुआ है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लालपुर गांव निवासी हाकिम सिंह परिहार के बेटे की बारात लौटकर आई थी। रात करीब 10 बजे घर पर डीजे बज रहा था और परिजन डांस कर रहे थे। तभी पड़ोसी बृजेंद्र उर्फ छोटू ठाकुर अपने साथी दिनेश, गुड्डू और बब्बू निवासी हिनोतिया के साथ वहां पहुंचा और डीजे बंद करने की बात कहने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। पीड़ित हाकिम सिंह का आरोप है कि विवाद के दौरान दिनेश ने फायरिंग की, जिससे उसे दो छर्रे लगे हैं। घायल हाकिम सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

### असेम्बली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स की जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**जागरण, शिवपुरी।** असेम्बली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष राधाबल्लभ शारदा के मार्गदर्शन एवं जिलाध्यक्ष जितेन्द्र रघुवंशी (जीतू) के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष नीरज अवस्थी के द्वारा जिला इकाई शिवपुरी की जिला एवं ब्लॉक स्तरीय मीटिंग रविवार को शाम 5:30 बजे जिला कार्यालय शंकर कॉलोनी राजेश्वरी रोड पर रखी गई। जिसमें ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्यता कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही संगठन के विस्तार एवं कार्यक्रम को लेकर सभी ने अपने विचार रखे। बैठक में जिलाध्यक्ष जितेन्द्र रघुवंशी (जीतू), जिला कार्यालय प्रभारी विकास दंडोतिया, जिला उपाध्यक्ष केदार गोलिया, शुभ्रा शर्मा, जिला सचिव नीरज कुमार (छोटू), जिला कोषाध्यक्ष नरेश कुशवाह, वरिष्ठ पत्रकार वीरेन्द्र चौधरी, एड. प्रशांत शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज अवस्थी, उपाध्यक्ष राजाबाबू बाथम, यूसुफ खान, महासचिव कुलदीप आर्य, सचिव धर्मेंद्र सेन, कार्यकारिणी सदस्य यशपाल खन्ना (छोटू), कपिल शिवहरे, राहुल रिठौरिया, अनुराग कटारे, कन्नू सेन आदि उपस्थित थे।

# पार्षद पर और अपने आप पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाली महिला की मौत

## घटना में 95 प्रतिशत जली थी मृत महिला, महिला पार्षद 35 प्रतिशत तक जली है

**जागरण, शिवपुरी।** विगत सप्ताह वार्ड क्रं. 27 की भाजपा पार्षद सुमन बाथम के घर पर जाकर उनके तथा अपने पर पैट्रोल छिड़क कर आग लगाने वाली महिला रानी नामदेव की ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई। उक्त घटना में आरोपी महिला रानी नामदेव 95 प्रतिशत तक जल गई थी और उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए ग्वालियर रैफर किया गया था जहां तमाम प्रयासों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। मृतक महिला के विरूद्ध पुलिस ने हत्या प्रयास का मामला दर्ज किया था। वहीं आग लगाने की घटना में महिला पार्षद सुमन बाथम 35 प्रतिशत तक जल गई है और उनका इलाज मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में चल रहा है। घटना का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है।



हुआ यह है कि 28 मई को महिला रानी नामदेव ऑटो में बैठकर पार्षद सुमन बाथम के घर पहुंची थी। वह अपने साथ हाथ में पैट्रोल की बोतल लेकर आई थी जो कि पूरी भरी हुई थी। रानी नामदेव ने पार्षद के घर में घुस कर सुमन बाथम से बातचीत करना शुरू कर दी और देखते ही देखते विवाद गंभीर हो गया और रानी नामदेव ने पैट्रोल सुमन बाथम पर डाल दिया तथा आग लगा दी। इसके बाद उसने पैट्रोल अपने शरीर पर डालकर आग लगा ली। पार्षद के पति राजू बाथम ने बीच बचाव करने की कोशिश की और किसी तरह आग बुझाई। इसके बाद दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। रानी नामदेव को 95 प्रतिशत जली हालत में गंभीर स्थिति में मेडीकल कॉलेज रैफर कर दिया गया जहां से उसकी नाजुक हालत देख कर उसे इलाज के लिए ग्वालियर भेज दिया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना के समय घर में पार्षद सुमन बाथम के पति भाजपा नेता राजू बाथम भी मौजूद थे। लेकिन उन्होंने घटना से अपनी अनभिज्ञता जाहिर की। श्री बाथम ने बताया कि जिस समय उनकी पत्नि और रानी नामदेव का विवाद हो रहा था वह कमरे में सो रहे थे। दोनों किस बात पर लड़ रही थी उन्हें पता नहीं है। आवाज सुनकर वह बाहर आए लेकिन तब तक घटना घटित हो चुकी थी। मृतक महिला का पति गोपाल ऑटो चालक है। वह अपनी पत्नि सहित करौंदी में रहता है। रानी नामदेव घरेलू महिला है लेकिन बताया जाता है कि पार्षद पति राजू बाथम से उसके पिछले 15 वर्षो से दोस्ताना संबंध है। राजू ने रानी नामदेव के पति गोपाल को ऑटो दिलाने और उसकी एक बेटी की शादी में भी मदद की है। सूत्र बताते हैं कि रानी का घटना दिनांक से एक दिन पूर्व अपने पति से विवाद हुआ था। इसके बाद बुधवार सुबह रानी नामदेव पार्षद सुमन राजू बाथम के घर पहुंची थी।

# व्यस्ततम मार्ग में स्थित जैन टेलीकॉम से 1 लाख 30 हजार की चोरी

**जागरण, शिवपुरी।** शहर के व्यस्ततम मार्ग पर गुरूद्वारे के सामने और स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा के पास स्थित जैन टेली कम्यूनिकेशन से बीती रात अज्ञात चोर दुकान से 1 लाख 30 हजार रूपए की नगदी ले उड़े। चोरी का पता आज सुबह उस समय लगा जब दुकान का कर्मचारी सुरेश कुशवाह ने दुकान का ताला खोलकर उसमें प्रवेश किया। उसने देखा कि दुकान का गल्ला खुला हुआ था और उसमें रखी रकम गायब थी। बताया जाता है कि दुकान में दो स्थानों पर पैसे रखे गए थे और दोनों जगहों पर चोरों ने गल्ले पर हाथ साफ किया। घटना की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है और पुलिस जांच में जुट गई है। दुकान संचालक प्रमोद जैन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह कल भी उन्होंने रात दस बजे दुकान बंद की और वह घर चले गए। उनकी दुकान दो मंजिल में बनी हुई है। श्री जैन बताते हैं कि कल रात चोर दुकान की पहली मंजिल पर पड़ौस में स्थित टीनशेड पर चढ़कर पहुंचे। उन्होंने उनके प्रतिष्ठान की पहली मंजिल पर खिड़की पर लगी हुई लोहे की ग्रिल निकाली और वह दुकान के अंदर घुसे जहां से वह निचली मंजिल में आए और उन्होंने गल्ले में दो स्थानों पर रखे पैसों पर हाथ साफ किया। जैन टेलीकॉम सेंटर में हालांकि सीसीटीव्ही कैमरे लगे थे लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका से रात में दुकान संचालक ने सीसीटीव्ही कैमरे बंद कर दिए थे। इससे चोरों की हरकत कैमरों की पकड़ में नहीं आ सकी। दुकान संचालक प्रमोद जैन बताते हैं कि उन्होंने कैमरे शॉर्ट सर्किट की आशंका के चलते बंद कर दिए थे क्योंकि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की घटनाऐं अक्सर सुनने में आती हैं। हालांकि वह कहते हैं कि यदि सीसीटीव्ही कैमरे चालू रहते तो चोरी का सुराग पता लग सकता था। दुकान संचालक प्रमोद जैन बताते हैं कि प्रतिदिन दुकान की सिलक रात में वह स्टेट बैंक ऑफ इंण्डिया के एटीएम में जमा कर देते थे और दुकान में रात में कोई नगदी नहीं रखते थे, लेकिन कल रात सर्वर डाउन था इस कारण एटीएम में पैसे जमा नहीं हो पाए और इसका फायदा चोरों ने उठाया। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि शायद चोरी में किसी परिचित का हाथ हो सकता है। जिसे इस बात की जानकारी हो कि आज पैसे एटीएम में जमा नहीं किए गए।

### पुलिस गश्त पर उठे सवाल

शहर के व्यस्ततम मार्ग पर स्थित जैन टेलीकॉम प्रतिष्ठान पर हुई चोरी से पुलिस गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस क्षेत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा है और रात्रि में पुलिस की गश्त भी इस इलाके में होती है। बैंक के पास स्थित एटीएम पर भी सिक्योरिटी गार्ड मौजूद रहते हैं इसके बाद भी इतनी सुरक्षित जगह पर यदि चोरी हो जाए तो पुलिस प्रशासन की सक्रियता पर सवाल तो खड़े होते हैं।

## न्यूज कार्नर

### एक करोड़ से घाट का हो रहा सौंदर्यीकरण



**जागरण, हरदा।** विधायक डॉ रामकिशोर दोगने द्वारा अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्राम हंडिया पहुंचकर मां नर्मदा के तट पर लगभग 01 करोड़ की राशि से किए जा रहे रिद्धनाथ घाट सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण व समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात मां नर्मदा के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। इस दौरान विधायक डॉ दोगने के साथ ग्राम सरपंच लखन मामा, उपसरपंच छन्नू तिवारी, अरुण तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी, रामविलास धनगर, दीपचंद जाटए, महेश राठौर उपस्थित थे।

### तीन घंटे कई जगह गुल रहेगी बिजली

**जागरण, हरदा।** दिनांक 4 जून 2025 को सुबह 8.00 से 11.00 बजे तक 11 केवी जिला पंचायत, गुर्जर बोर्डिंग और ग्वालनगर फीडर में अतिआवश्यक कार्य आ जाने के कारण बंद रहेंगे, जिससे विभिन्न कॉलोनी की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान गुर्जर बोर्डिंग, पाठक कॉलोनी, त्रिमूर्ति कॉलोनी, नेहरु स्टेडियम, श्यामा नगर, मेजर जोशी, जय शक्ति, जिला पंचायत कार्यालय, पैरासिटी, ग्वालनगर, विकास नगर, श्रीनगर, मां रेवा बिहार कॉलोनी, बीबी सिटी, साईं आर्य और सिद्धि विनायक रेजिडेंसी आदि में सप्लाई बंद रहेगी।

### मूंग का उच्चतम मूल्य देने हुई चर्चा




**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर तहसीलदार टिमरनी की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि उपज मंडी समिति टिमरनी के अनुज्ञप्ति धारी व्यापारियों के साथ मूंग खरीदी के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी व्यापारियों से किसानों को मूंग के उच्चतम मूल्य उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई। सचिव कृषि उपज मण्डी समिति टिमरनी राजेन्द्र धनोरिया ने बताया कि मंगलवार 3 जून को मूंग के उच्चतम भाव 7300 रूपये रहे। बैठक में ग्रैंन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सचिव सुनील कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ व्यापारी ओम प्रकाश गोयल, मनोज अग्रवाल, हसन खान, श्रीकांत अग्रवाल सहित मण्डी कर्मचारी उपस्थित थे।

### निर्वाचन के स्टोर रूम का निरीक्षण किया

**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित स्थानीय निर्वाचन के स्टोर रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू सहित लोक निर्माण विभाग व ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### दुकानदार को 26,300 रुपए की लगाई चपत


**जागरण, हरदा।** शहर में एक मोबाइल दुकानदार के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित राजकुमार गुर्जर जो दुकान आईटीसी मोबाइल प्रोपराइटर के मालिक हैं, ने जिला कलेक्टर को एक लिखित शिकायत देकर मामले में ठोस कार्रवाई की मांग की है। उन्होने अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 29 मई 2025 की शाम करीब 6.00 बजे संदीप नामक युवक निवासी कन्नौद दुकान पर पहुंचा और मोबाइल ट्रांजैक्शन के बहाने पीड़ित से 26300 रुपये का भुगतान करवाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि संदीप ने पेमेंट ट्रांजैक्शन आईडी के तहत राशि ट्रांसफर करवाई। जैसे ही पैसे भेजे गए, आरोपी ने अपनी जेब से पैसे गिनने का नाटक किया और मौका देख कर फरार हो गया। दुकानदार द्वारा उसे रोकने का प्रयास भी किया गया, लेकिन वह रुका नहीं और अपने पैसे भी नहीं लौटाए। पीड़ित ने उसी दिन थाना सिविल लाइन हरदा में रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन 3 जून तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कलेक्टर से गुहार लगाई है।

---

घंटाघर क्षेत्र में आये दिन लगने वाले जाम से शीघ्र मिलेगी निजात, नपा ने शुरू की कार्रवाई

# योजना : पुरानी सब्जी मंडी को जत्रा पड़ाव में किया जाएगा स्थानांतरित





**जागरण, हरदा।** घंटाघर क्षेत्र में लंबे समय से लग रहे जाम से परेशान व्यापारी तथा आम लोगों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तथा इससे निजात दिलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने बड़ा फैसला लेते हुए पुरानी सब्जी मंडी की अस्थाई आंवटित 67 दुकानें जो चार बाय चार में थी, उन्हें हाजी चौक स्थित जत्रापड़ाव में स्थानातंरित करने का फैसला लिया है।

### आज शाम 4 बजे से आंवटित होंगी दुकानें

नगर पालिका सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर पालिका ने सब्जी विक्रेताओं को हाजी चौक में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। इस संदर्भ में नगर पालिका परिसर में 4 जून को शाम 4 बजे दुकानें अस्थाई आंवटित की जावेगी। इसके लिए पुरानी सब्जी मंडी स्थित दुकानदारों को अपने मूल दस्तावेज साथ में लाने होंगे।

### यातायात व्यवस्था में होगा सुधार

इस निर्णय से हाजी चौक स्थित जत्रापड़ाव में पुरानी सब्जी मंडी में जो अस्थाई रूप से 4 बाय 4 में दुकाने दी गई थी, जो अपर्याप्त थी, उसके स्थान पर अब जत्रा पड़ाव में पुराने दुकानदारों को 6 बाय 8 की बनाकर अस्थाई रूप से आवंटित की जायेगी। यह दुकानें अब 67 के स्थान पर 90 बनाई जा रही है।

जहां पुरानी सब्जी मंडी स्थित अस्थाई दुकानदारों को शिफ्ट किया जावेगा। यह कदम न केवल घंटाघर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुधारने में सहायक होगा, बल्कि व्यापारियों को भी अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित स्थान प्रदान करेगा।

### 6 बाय 8 की 90 अस्थाई दुकानें बनाई

इसके लिए नगर पालिका ने जत्रा पड़ाव स्थित 6 बाय 8 की अस्थाई 90 दुकानें चिन्हित कर बनाई है, जिसे पुरानी सब्जी मंडी के अस्थाई दुकानदारों को आवंटित की जावेगी। नगर पालिका के सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि घंटाघर क्षेत्र के आसपास लगातार वाहन पार्किंग नहीं होने के कारण यहां जाम की स्थिति बनी रहती है, जिसके कारण दुकानदार तथा आम नागरिक पेरशान होते हैं। वहीं आये दिन विवाद की स्थिति बनती रहती है। इसको लेकर व्यापारी, अन्य सामाजिक बंधुओं तथा संगठनों द्वारा शिकायत की जा रही थी। इसके लिए स्थाई समाधान निकालने हेतु घंटाघर स्थित पुरानी सब्जी मंडी स्थानांतरित किये जाने का निर्णय लिया जाकर पुरानी सब्जी मंडी में हुई रिक्त स्थान पर पार्किंग की सुव्यवस्थित तरीके से की जावेगी, जिससे जाम की स्थिति से निजात मिल सकेगी।

## राशि लेकर मकान नहीं बनाने वाले 185 लोगों के नाम सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा



**जागरण, हरदा।** पीएम आवास योजना के अंर्तगत हितग्राहियों द्वारा मकान निर्माण के लिए पैसा लिया गया था, किंतु अभी तक मकान का निर्माण नहीं किया गया। ऐसे हितग्राहियों को राशि सरेंडर करने को कहा गया था, किंतु अभी तक राशि सरेंडर नहीं किये जाने वाले 185 लोगों के नाम सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किये जायेंगे। नगर पालिका द्वारा लगातार ऐसे हितग्राही, जिन्होंने पीएम आवास योजना के लिए राशि ली थी, किंतु आवास निर्माण नहीं किया गया, ऐसे हितग्राहियों से आंवटित राशि को सरेंडर किये जाने के लिए कहा जा रहा है, किंतु हितग्राहियों द्वारा राशि सरेंडर नहीं किये जाने पर कुछ लोगों पर थाने में एफआईआर की गई है। वहीं तहसील कार्यालय में आरसीसी की कार्यवाही प्रचलन में है। कुछ लोगों के न्यायालय में प्रकरण की कार्यवाही की जा रही है। वहीं ऐसे हितग्राहियों के बैंक खाते होल्ड किये गये हैं। वहीं अब इसके बाद अगली कार्यवाही करते हुए अब नगर पालिका ऐसे हितग्राहियों के जो लगभग 185 हैं इनके नाम सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किये जाने की नगर पालिका द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

# मंडी में मूंग के भाव एमएसपी से 1500 रुपए कम, किसानों को हो रहा नुकसान

### किसान आक्रोश मोर्चा ने आज से दी अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी



**जागरण, हरदा।** मध्य प्रदेश में मूंग की सरकारी खरीद न होने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। हरदा के किसान आक्रोश मोर्चा ने 4 जून से अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश सरकार हर साल अप्रैल-मई में मूंग खरीदी का पंजीयन शुरू करती है। इस बार अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हरदा की मंडियों में पिछले 20-25 दिनों से नई मूंग की आवक जारी है।

### मंडी में किसानों को मिल रहा कम दाम

केंद्र सरकार ने विपणन वर्ष 2024-25 के लिए मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8 हजार 682 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। वर्ष 2025-26 में ये बढ़कर 8 हजार 768 रुपए प्रति क्विंटल हो जाएगा, लेकिन मंडी में किसानों को 5 हजार 500 से 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल के बीच भाव मिल रहे हैं।

### किसानों को 80 से 90 लाख का नुकसान

मंडी सूत्रों के अनुसार हरदा मंडी में इस बार मात्र 20 हजार क्विंटल मूंग की आवक हुई है। पिछले साल ये 50 हजार क्विंटल से ज्यादा थी। कम भाव के कारण किसानों को हर रोज 80 से 90 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है।

### जल्द मूंग खरीद शुरू करने की मांग

किसान लगातार भाजपा नेताओं और मंत्रियों को ज्ञापन देकर समय पर मूंग खरीद शुरू करने की मांग कर रहे हैं। मंडी प्रशासन का कहना है कि बारिश होने के चलते मूंग में नमी की वजह से कम दाम मिल रहे हैं। साफ और सूखे मूंग के दाम 7 हजार 900 प्रति क्विंटल तक मिला है।

## सात किसानों को दिए जाएंगे फसल बीमा राशि के 2.50 लाख

**जागरण, हरदा।** उपभोक्ता आयोग हरदा द्वारा दिये गये आदेश के बाद भारतीय स्टेट बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, आन्ध्रा बैंक व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विभिन्न गांव के फसल बीमा राशि से वंचित किसानों को 2.50 लाख रूपये का भुगतान किया जायेगा। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष, न्यायाधीश जेपी सिंह व सदस्य श्रीमती अंजलि जैन द्वारा दिया गया है। एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि बैंक ने फसल बीमा योजना के अंतर्गत अपने दायित्व के निर्वहन में कमी और लोप किया है, जिसके कारण परिवादी, उपभोक्ता को क्षति हुई है। ऐसी स्थिति में योजना के अंतर्गत उस क्षति की क्षतिपूर्ति के लिए विरोधी पक्षकार बैंक होगा। जहॉ तक विरोधी पक्षकार बीमा कम्पनी का संबंध है, फसल बीमा के पोर्टल पर प्रविष्टि न किये जाने से विरोधी पक्षकार बीमा कम्पनी को कृषक अंश के अतिरिक्त केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से मिलने वाली अनुदान राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस तरह से कृषक का बीमा योजना के अनुसार नहीं हो सका है। भुगतान नहीं करने पर 7 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित

# किसानों को बताए ड्रोन तकनीक से कीटनाशक फफूंद नाशक एवं नैनो उर्वरक छिड़काव के लाभ



**जागरण, टिमरनी।** नगर के समीप ग्राम धोलपुर, सामरधा, सोताड़ा, बारजा, उन्द्राकछ एवं निमाचा में मंगलवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान का कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रूपचन्द जाटव ने बीज उपचार एवं मृदा उपचार का फसल उत्पादन में महत्व बताया। सोयाबीन की उन्नत किस्में जेएस 23.09, जेएस 23.03, आरबीएस 18, आरबीएस 24, एनआरसी 142, एनआरसी 150, जेएस 21.17, जेएस 21.72, जेएस 20.69, जेएस 20.34, जेएस 20.29 आदि के बारे में जानकारी दी। ड्रोन तकनीकी के माध्यम से कीटनाशक, फफूंद नाशक एवं नैनो उर्वरक के छिड़काव के लाभ बताए। फसल विविधीकरण एवं म्रदा परीक्षण एवं इसका फसल उत्पादन में महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही साथ जीवामृत, वीजा अमृत आदि का खेती में उपयोग करके मिट्टी में लाभदायक जीवों की संख्या बढ़ाने के बारे में जोर दिया गया। इस दौरान केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल से पधारे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अंकुर नागोरी द्वारा बताया गया कि फसल अवशेष को आग ना लगाएं, इसका उपयोग ईंधन ओर बायोचार बनाकर खेत में उपयोग करें, जिससे मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाई जा सके। साथ ही मिट्टी का कठोरपन कम किया जा सके। वहीं सौर प्लेट का उपयोग नलकूप में करके सिंचाई एवं यंत्रों के माध्यम से फसल की सश्य क्रियाएं में उपयोग बताया। कृषि विभाग के बीटीएम आत्मा डॉ श्रीचंद जाट ने आगामी खरीफ फसल में सोयाबीन की उत्पादन तकनीकी, बीज उपचार की विधियों के बारे में जानकारी दी एवं खरपतवार प्रबंधन के बारे में बताया। साथ ही आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया, जिसमें प्राकृतिक खेती योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और किसानों को इसकी और कदम बढ़ाने कहा गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रितिक तंवर ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, सॉइल हेल्थ कार्ड, नरवाई प्रबंधन, प्राकृतिक खेती आदि योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उद्यान विभाग के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी अनिल गरीड ने उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे पीएमएफएमई योजना, फल क्षेत्र विस्तार योजना, मसाला क्षेत्र विस्तार, संरक्षित खेती, पाली हाउस, नेट हाउस में खेती करने की विस्तृत जानकारी किसानों को दी। इस दौरान धौलपुर कला में उद्यानिकी उन्नतशील कृषक चंद्रशेखर गदरे के खेत पर लगे विभिन्न औषधीय पौधे दालचीनी, लौंग, तेजपत्ता, कॉफी, फलदार पौधे लीची, चीकू, आम आदि का वैज्ञानिकों ने निरीक्षण कर पौध प्रबंधन की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में धौलपुर के उन्नत शील किसान सुचित्रा गौर, सोताड़ा के उन्नतशील किसान अतुल बारंगे, दिलीप सिंह राजपूत, देवी सिंह एवं उन्द्राकछ के उन्नतशील किसान राजेश गुर्जर, राहुल लोवंशी, संतोष मालवीय उपस्थित रहे। विकसित कृषि संकल्प अभियान का कार्यक्रम बुधवार 04 जून को भादूगांव, टेमागांव, डोलरिया ग्राम पंचायत में होगा। किसानो से अनुरोध किया गया है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कृषि से संबंधित नई-नई तकनीकी के साथ वैज्ञानिकों से संवाद का लाभ उठाएं।

# नाले को अतिक्रमण से मुक्त कराने लोगों ने दिया आवेदन

### कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू के साथ-साथ एसडीएम कुमार शानु देवडिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में ग्राम गांगला व डोमनमउ के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर सीमांकन कराकर मसनगांव से हंडिया मार्ग निर्माण का कार्य प्रारम्भ कराने की मांग की, जिस पर उन्होने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरदा शहर के वार्ड क्रमांक 25 के निवासियों ने पीपल के पास से शंकर मंदिर तक नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को नाले से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम गहाल निवासी रामदास पिता खेमचन्द्र ने कलेक्टर श्री जैन को अपनी कृषि भूमि का सीमांकन कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर उन्होने तहसीलदार हरदा को आवेदक की भूमि का सीमांकन कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरदा शहर के वार्ड क्रमांक 27 के निवासियों को कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर नलों में दुषित पानी आने की समस्या बताई, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नागरिकों की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में आयुष वर्मा ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर बताया कि उसके पिता अशोक वर्मा सचिव के पद पर कार्यरत थे। पिता की मृत्यु के बाद उसे अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ नहीं मिला है, जिस पर कलेक्टर श्री जैन ने जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती झानिया को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

# अहिल्याबाई के जन्मदिवस पर काव्य गोष्ठी आयोजित

**जागरण, हरदा।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई के 300 वे जन्मदिवस पर विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें हरदा व टिमरनी के रचनाकारों ने अपनी कविताओं से देवी अहिल्या को काव्यमयी सुमन अर्पित किए। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, देवीसिंह सांखला, अशोक नेगी व सभी कवियों ने सरस्वती माँ व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया। काव्य गोष्ठी के आयोजक बलराम काले व जिलाध्यक्ष द्वारा सभी कवियों का स्वागत किया व उन्हें स्मृति स्वरूप देवी अहिल्या जी का एक चित्र देकर सम्मानित किया। सरस्वती वंदना कपिल दुबे ने प्रस्तुत की। प्रथम कवि कृष्णकांत जोशी टिमरनी द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किया। मनीष सोनकिया ने राष्ट्रभक्ति व श्रंगार के घनाक्षरी छंद व मुक्तक सुनाए। कवि लोमेश गौर ने हास्य मुक्तक और छंद से गुदगुदाया। उन्होंने लोकमाता को याद करते हुए कहा कि वो भारत मां की बेटी है, अहिल्या नाम है उनका, कभी कुछ भी नहीं बोली, जो बोला काम है उनका। राष्ट्रीय कवि मुकेश शांडिल्य ने माता अहिल्या देवी के पुण्यकार्यों को अपनी रचना के माध्यम से बताया, उन्होंने सुनाया कि आज तलक जो भारत भू पर छाई है उसको कहते देवी अहिल्याबाई है। घाट कुओं तालाबों का निर्माण किया, हर प्यासे की जिसने प्यास बुझाई है। कवि जयकृष्ण चांडक ने माँ पर अपनी गजल कही और सभी की वाहवाही लूटी। कपिल दुबे ने राष्ट्रभक्ति के छंद, मुक्तक सुनाकर राष्ट्र वन्दना की। साथ ही करुण गीत प्रियतम का आनन दिखता हैं मन के दर्पण में सुनाया। अशोक नेगी ने अपने विचारों से देवी अहिल्या का गुणगान किया। बसन्त राजपूत ने भी देशभक्ति की रचना सुनाई।

# कोई भी बच्चा स्कूल जाने से न रहे वंचितः कलेक्टर



**जागरण, हरदा।** स्कूल जाने योग्य सभी बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाएं और प्रयास किया जाए कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटे नहीं। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होने बैठक में निर्देशित किया कि विभागीय अमले के माध्यम से 6 से 18 वर्ष की आयु के सभी बच्चों का सर्वे कर शाला से बाहर के बच्चों को शाला में प्रवेश के लिये प्रेरित कर उनका प्रवेश कराएं। उन्होने बैठक में बिना किसी कारण से अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र बलवंत पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री रघुवंशी को छात्रवृत्ति के लिये विद्यार्थियों के बैंक खाते अपडेट कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कोई पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देशित किया कि पीएम श्री विद्यालयों में नियमानुसार टेण्डर प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होने बैठक में डीपीसी श्री पटेल को सार्थक एप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थित दर्ज कराने के निर्देश भी दिये। उन्होने कहा कि सार्थक एप की उपस्थिति के आधार पर ही शिक्षकों का माह जुलाई का वेतन आहरित किया जाए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत नॉट अटेण्डेन्ट नहीं होना चाहिए।

## आकांक्षा नेशनल बीच कबड्डी के लिए चयनित



**जागरण, टिमरनी।** शक्ति व्यायाम शाला के कोच मुबारक शाह ने बताया कि शक्ति व्यायाम शाला की कबड्डी खिलाड़ी आकांक्षा गौर का चयन मध्य प्रदेश की टीम में हुआ है। राष्ट्रीय बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन तमिलनाडु राज्य के मछलीपट्टनम शहर में 5 जून से 8 जून तक किया जावेगा। बीच कबड्डी सिलेक्शन ट्रायल कुछ दिन पहले टिमरनी शहर में ही हुआ था। आकांक्षा की इस उपलब्धि पर हरदा कॉरपोरेशन हरदा के अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, सचिव भगतराम जाट, मुबारिक शाह, रामजीवन गोदारा, मंगल सिंह यादव, शैलेंद्र राजपूत, सुरेंद्र धनगर, दिनेश सोनी, संतोष तांबूलकर, बबलू पटेल आदि ने बधाई दी।